# जय श्रीराम एवं पवन सुत हनुमान के उद्घोष से गूंजा शहर

## भगवान हनुमान जी के जन्मउत्सव पर बैढ़न समेत चितरंगी में निकाली गई विशाला शोभा यात्रा, हजारों की संख्या में शामिल हुये हनुमान भक्त

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। माजन मोड़, शिव मंदिर से आज गुरूवार को वीर बजरंगबली भगवान हनुमान जी का विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल तथा अन्य हिन्दू संगठनों ने भव्य शोभा यात्रा निकालकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

गाजे बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर जय-जय सनातन, जय श्रीराम, जय-जय बजरंगबली का उद्घोष करते हुए हनुमान भक्तों के उत्साह से समूचा बैढ़न केसरिया रंग में रंग कर भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर पूजा-पाठ, सुंदरकांड सहित धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मंदिरों में सुबह से ही श्री बजरंगबली जी के दर्शन व पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हनुमान भक्तों के जय जय श्री राम और जय-जय बजरंगबली के जयकारे से समूचा शहर गूजायमान रहा। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के शिवमंदिर माजन मोड़ से श्री हनुमान जी झांकी के साथ शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ डीजे, जहां युवक जय श्रीराम के उद्घोष पर थिरक रहे थे। शोभायात्रा माजन मोड़ से आरंभ होकर बिलौंजी, ताली होते हुये कोतवाली मार्ग से अम्बेडकर चौक, तुलसी मार्ग होते हुये हनुमान मंदिर बैढ़न शोभायात्रा पहुंचा। शोभायात्रा में हजारों लोग पैदल चल रहे थे। साथ ही बाइक रैली भी थी।







हनुमान भक्त पूरे समय तक उद्घोष करते रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक रामनिवास शाह, जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी, विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. डीके मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, पूर्व मेयर प्रेमवती खैरवार, भाजपा जिला महांत्री विक्रम सिंह चंदेल, समाजसेवी एसडी सिंह, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सीमा जायसवाल, भाजपा नेता मुकेश तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पाल, रामशिरोमणि शाहवाल, रूपेश चन्द्र पाण्डेय, नरेश शाह, विनोद चौबे, डॉ. सुशील सिंह चंदेल, शिवेन्द्र पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, मण्डल उपाध्यक्ष संजय दुबे, आरडी पाण्डेय, लालबाबू बैस, विवेक त्रिपाठी, समाजसेवी विश्वजीत सिंह, हिमांशु द्विवेदी (हनी), समेत भारी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल रहे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे।

### जगह-जगह हुआ सुंन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

पवन सुत हनुमान जी का आज ऊर्जाधानी में धूमधाम के साथ प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। जहां बैढ़न समेत क्षेत्र में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जहां आज शुक्रवार को बैढ़न में महावीर स्वामी हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली गई। बैढ़न इलाका भगवा के रंग में रंग गया है। गौरतलब है कि आज शुक्रवार को श्री हनुमान जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई है। पंचमुखी मंदिर गनियारी में हनुमान मंदिर बैढ़न में अखण्ड सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन चल रहा है। इसी तरह समूचे जिले में भगवान हनुमान जी की जयंती मनाई जा रही है। विहिप एवं बजरंगदल के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

### शोभायात्रा का महिलाओं ने जगह-जगह किया स्वागत



श्री हनुमान जन्मउत्सव के अवसर पर महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुये शोभायात्रा पर फूल बरसाते हुये स्वागत किया। सत्या इंटरनेशनल होटल बैढ़न के सामने महिला मण्डल ने फूल से स्वागत कर जय श्रीराम का उद्घोष की और शोभायात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा भी ली।

### एक नजर में

#### एमपीईबी ने वसूला 3 करोड़ का बिजली बिल



**देवसर।** विद्युत वितरण केन्द्र देवसर में वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड बिजली बिल वसूल किया है। जानकारी के अनुसार कार्यपालन अभियंता के मार्गदर्शन में कनिष्ठ अभियंता देवसर के देखरेख में लाइनमैनों ने वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक करीब 3 करोड़ रूपये का बिजली बिल वसूल कर ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के विद्युत वितरण केन्द्र से आगे निकल गया है। बताया जा रहा है कि शेष अन्य बकाया बिजली बिल वसूलने की कार्रवाई तेजी से चल रही है। वहीं इस बिजली बिल वसूली में कनिष्ठ अभियंता के साथ-साथ लाइनमैनों का योगदान सराहनीय रहा है।

#### आदर्श ग्राम कुम्हिया में खुला जल मंदिर प्याऊ

**सिंगरौली।** नवांकुर संस्था पिछड़ा वर्ग विश्वकर्मा समाज कल्याण संगठन समिति एवं ग्राम पंचायत के सरपंच किरण जायसवाल तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समित के अध्यक्ष, सचिव नवांकुर सखी राधिका देवी जायसवाल द्वारा जल मंदिर स्थापना म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सिगरौली के जिला समन्वयक के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड बैढ़न के आदर्श ग्राम कुम्हिया में नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा जल मंदिर की स्थापना की गई। जल मंदिर स्थापना प्याऊ का मुख्य उद्देश्य बढ़ती गर्मी एवं तेज धूप में राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल पेय जल उपलब्ध कराना है, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम पंचायत तथा नवांकुर, संस्था का ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, जिसमे आम जनता को राहत मिली सकें।

## आदिवासी युवती के साथ आपत्तिजनक तस्वीर वायरल पर बीट गार्ड निलंबित

### वन विभाग अभ्यारण्य खरखौली बीट का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। अभ्यारण्य बगदरा क्षेत्र के खरखौली बीट में पदस्थ बीट गार्ड गणेश प्रसाद यादव पर आखिरकार वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबन की गाज गिरा दी है।**



बताया जा रहा है कि बीट क्षेत्र में एक आदिवासी युवती के साथ कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में उनकी तस्वीरें सामने आई थीं, जिन्हें कुछ स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल से कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तस्वीरों के वायरल होते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया, जब जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण की अध्यक्ष सरस्वती सिंह ने इस घटना का कड़ा विरोध किया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से वन विभाग और जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि एक सप्ताह के भीतर दोषी बीट गार्ड पर कार्रवाई नहीं की गई, तो बीट खरखौली का घेराव किया जाएगा। इस बयान के बाद मामला राजनीतिक रंग भी लेने लगा और स्थानीय स्तर पर जनाक्रोश बढ़ गया। लगातार बढ़ते दबाव, सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और राजनीतिक विरोध के बीच अंततः मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाइगर रिजर्व, सीधी कार्यालय से 31 मार्च को निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। आदेश के अनुसार गणेश प्रसाद यादव को म.प्र. सिविल सेवा नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई जनदबाव और राजनीतिक विरोध के बाद संभव हो सकी। फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की विभागीय जांच करा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## देवरा तिराहा से गनियारी मार्ग का आवागमन पूरी तरह से ठप, मोहल्लेवासी परेशान

### ननि के वार्ड क्रमांक 42 का मामला, सीवरेज पाइप लाइन कार्य के चलते बंद कर दिया गया है आवागमन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 42 स्थित देवरा तिराहा से गनियारी मार्ग का आवागमन पूरी तरह से सीवरेज पाइप लाइन के ठेकेदार के द्वारा आवागमन बंद कर दिया गया है। जिससे यहां के सैकड़ों लोगों का आवागमन अचानक बंद कर देने से रहवासियों में भारी असंतोष व्याप्त है।**



दरअसल इन दिनों ननि शहर में सीवरेज का कार्य चल रहा है, जहां सड़को की खुदाई ठेकेदार के द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 42 देवरा मार्ग की खुदाई तीन दिन पहले तक हुआ था, जिससे देवरा बस्ती का आवागमन एलआईजी मार्ग से करीब पखवाड़े भर बंद रहा। इस मार्य का कार्य होने के बाद अब देवरा तिराहा से गनियारी मार्ग टाउनशीप की ओर कार्य चल रहा है। आज देवरा तिराहा से गनियारी टाउनशीप का मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिसके कारण यहां के सैकड़ों लोगों का आवागमन बंद है। आलम यह है कि सड़क के बीचों बीच खुदाई कर मलवा दोनों ओर रख दिया गया है, जिसके चलते पैदल भी निकलना मुश्किल है। हालांकि चर्चाएं हैं कि दो-तीन के अंदर यहां का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### राहगीरों के लिए भी चलने के लिए जगह नहीं

मोहल्लेवासी बताते हैं कि ठेकेदार ने इस तरह से मलवा सड़क के दोनों ओर डम्प कराया है कि यहां पैदल भी निकलना मुश्किल है। जबकि तिराहा से लेकर टाउनशीप तक कई मकान बने हैं और कइयों के फोरव्हीलर वाहन भी हैं। ऐसे हालात में फोरव्हीलर वाहन का निकलना भी मुश्किल हो गया है। यदि कोई इमरजेंसी कार्य पड़ गया तो रहवासियों के लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है। यहां के रहवासियों का कहना है कि सड़क की चौड़ाई 20 फीट है, इसमें कोई शंसय नही है। मलवा एक साइड रखा जा सकता था। परंतु लापरवाह ठेकेदार के बदौलत सीवरेज गड्ढे का मलवा सड़क के दोनों साइड में डम्प कर दिये जाने से पैदल चलने लायक भी जगह नही छोड़ा है। रहवासियों ने इस ओर निगमायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुये यहां के सीवरेज कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं जाने की मांग की है।

## स्थानांतरण के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे कपूर त्रिपाठी को राहत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। जिले के मोरवा थाना इन दिनों सुर्खियों में है। टीआई कपूर त्रिपाठी के भोपाल तबादले के बाद रातों-रात पोस्टिंग कर दिये जाने के बाद प्रदेश सरकार एवं पुलिस अधिकारी भी सवालों के घेरे में है। वहीं अब कपूर त्रिपाठी को उच्च न्यायालय से तबादला के खिलाफ राहत मिल गई है।**

यह आदेश आज 2 अप्रैल को न्यायाधीश मनिंदर एस भाटी की एकल पीठ द्वारा पारित किया गया। कपूर त्रिपाठी ने 26 मार्च के स्थानांतरण आदेश को चुनौती देते हुए 28 मार्च को याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट केसी घिल्डियाल के मार्गदर्शन में अधिवक्ता ब्रमेंद्र प्रसाद पाठक, आतिश कुमार यादव, राममिलन साकेत सहित अन्य ने पक्ष रखा। याचिका में तर्क दिया कि उन्हें मोरवा थाना में पदस्थ किए जाने के बाद न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया और बिना स्पष्ट कारण के महज दो महीने के भीतर ही स्थानांतरण कर दिया गया। न्यायालय ने प्रारंभिक तौर पर पाया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार थाना प्रभारी स्तर के अधिकारी का न्यूनतम कार्यकाल दो वर्ष होना चाहिए और समय पूर्व तबादला केवल विशेष परिस्थितियों में ही संभव है। ऐसे कारण आदेश में स्पष्ट नहीं पाए गए। कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई 8 अप्रैल को पूरी ट्रांसफर फाइल, जिसमें पुलिस स्थापना बोर्ड की अनुशंसा भी शामिल होगी, प्रस्तुत की जाए। इसी के आधार पर यह भी परखा जाएगा कि किया गया स्थानांतरण सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप है या उनके विरुद्ध। फिलहाल कोर्ट के आदेश के बाद कपूर त्रिपाठी के दोबारा मोरवा थाना का प्रभार संभालने की स्थिति स्पष्ट हो गई है। इधर उक्त तबादले से पुलिस महकमें एवं प्रदेश सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है।

## शराब नशे के हालत में मिलने पर शिक्षक सस्पेंड

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। शासकीय प्राथमिक पाठशाला मझौली टोला मझिगवां 2 में पदस्थ शिक्षक लखपति सिंह को कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने निलंबित कर दिया है।**



टोला मझिगवां-2 के शिक्षक लखपति सिंह का एक वीडियों सोशल मीडिया में पिछले माह 18 मार्च को वायरल हुआ था। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच किया, जहां शिक्षक शराब के नशे के हालत में था। शराब इतना पिया हुआ था कि वह ठीक से बोल नही पा रहा था। स्कूली बच्चों एवं अभिभावको से अभद्र भाषाओं का उपयोग कर रहा था। जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया था। जांच के बाद जवाब न मिलने पर डीईओ ने शिक्षक को निलंबित कर दिया।

## रेत कारोबारियों पर अंकुश लगाने में चौकी प्रभारी नाकाम

### निवास पुलिस चौकी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार जोरों पर, वसूली के लिए आरक्षक तैनात

**नवभारत न्यूज**

**सरई 2 अप्रैल। स्थानीय थाना अंतर्गत निवास पुलिस चौकी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार जोर पकड़ा हुआ है। आरोप है कि चौकी प्रभारी रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। बल्कि आरोप लग रहा है कि रेत कारोबारियों से शुल्क वसूलने के लिए बकायदे आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।**



दरअसल जिले के माड़ा के साथ-साथ निवास पुलिस चौकी क्षेत्र में रेत कारोबारियों का बोलबाला है। ग्रामीण बताते हैं कि करीब डेढ़ दर्जन ट्रैक्टर रोजाना आसपास के गोपद नदी, निवास, हर्दी, बंजारी से उत्खनन कर धड़ल्ले के साथ बेच रहे हैं। शिकायत करने के बावजूद चौकी प्रभारी अंकुश नही लगा रहे हैं, बल्कि आरोप लग रहा है कि रात भर का ट्रैक्टरों से 3500-3500 रूपये की वसूली की जा रही है। वसूलने के लिए बकायदे पुलिस आरक्षक भी तैनात हैं। ग्रामीणों के द्वारा सवाल उठाया जा रहा है कि पुलिस अधिकारियों को अवैध रेत परिवहन क्यों नही दिखाई दे रहा है। इसके पीछे असली वजह कुछ और है, जिसमें चौकी प्रभारी से लेकर आरक्षक का संरक्षण मिला है। जिसके चलते रेत कारोबारी दिनमान भी रेत उत्खनन कर परिवहन करते रहते हैं। ग्रामीण यह भी बताते हैं कि जिन व्यक्तियों के द्वारा शिकायत की जाती है, पुलिस उन्हें तलब कर धमकाती भी रहती है। फिलहाल निवास चौकी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार लेकर निवास पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। इधर यहां के ग्रामीणों ने इस ओर पुलिस महानिरीक्षक रीवा एवं एसपी सिंगरौली का ध्यान आकृष्ट कराते हुये निवास पुलिस चौकी क्षेत्र में रेत समेत अन्य चल रहे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है।

## एनसीएल खदान ओवरबर्डन एरिया में लगाएगा 5 .40 लाख पौधे

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 2 अप्रैल। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल ने सतत खनन की नीतियों के तहत वर्ष 2026-27 में 208.20 हेक्टेयर भूमि म.प्र. स्थित खदानों पर लगभग 4.70 लाख तथा 2 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 70 हजार पौधारोपण मियावाकी तकनीक से पौधारोपण का लक्ष्य रखा है।**



पौधारोपण के लिए खदान के अधिभार डंप व समतल भूमि निर्धारित की गयी है, जहां बड़े स्तर पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएँगे, इस कार्य के लिए एनसीएल ने म.प्र. राज्य वन विकास निगम के साथ बुधवार को एक एमओयू किया है। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक राकेश कुमार ,उप प्रबंधक डीके सैनी तथा म.प्र. राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा-सीधी परियोजना मण्डल, राकेश कोडापे, परियोजना रेंज अधिकारी अमलोरी, झिंगुरदा, एस के पटेल, परियोजना रेंज अधिकारी, जयंत एलपी शुक्ला मौजूद रहे।

## नवजीवन गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं की लगी लम्बी कतारें

### हरिहर इंडियन गैस का मामला, धूप में तपते रहते हैं उपभोक्ता

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 2 अप्रैल। जिले में घरेलू गैस की किल्लत है, इसे प्रशासन नकार नही सकता है। गैस के लिए सुबह से ही एजेंसियों में उपभोक्ताओं की लाइने लग जा रही है। हालांकि जिला प्रशासन की बात माने तो गैस पर्याप्त मात्रा में है।**




आज गुरूवार की सुबह नवजीवन बिहार हरिहर इंडियन गैस एजेंसी के सामने गैस लेने के लिए उपभोक्ता सुबह 7 बजे से ही लाइन में लग गये हैं। जहां दोपहर तक लगे रहे। बताया जा रहा है कि ओटीपी एवं मैसेज देरी से आने के कारण इस तरह की समस्या निर्मित हो रही है। हालांकि एजेंसी में गैस लेकर लोग जा भी रहे थे और चर्चाओं के मुताबिक एजेंसी के पास पर्याप्त मात्रा में गैस हैं। लेकिन अफवाहों के चलते लोग लम्बी कतारों में खड़े हो जा रहे हैं। हालांकि इस दौरान उन्हें कड़ी धूप का भी सामना करना पड़ रहा है।

## बगदरा के लिए बड़ी सौगात, 56 .60 किमी सड़क के कायाकल्प को मिली मंजूरी

### चितरंगी विधानसभा के सबसे दूरस्थ अंचल को मिलेगा बेहतर संपर्क, लोक निर्माण विभाग ने 15284 .91 लाख रुपये की स्वीकृति दी

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 2 अप्रैल। चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के सबसे दूरस्थ अंचल बगदरा के लिए सड़क विकास को लेकर बड़ी सौगात मिली है। कैमोर पहाड़ से लेकर गोपला तक कई जगह सड़कों की हालत खराब है। स्थानीय जन दशको से पक्की सड़क की मांग करते आ रहे हैं।**



म.प्र. शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक स्वीकृति में जिले के अंतर्गत क्रमांक एक में दर्ज कार्य को मंजूरी प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के अनुसार सिहावल, बघोर, बीछी-खैरपुर से बीछी-बगदरा गोपला, पड़री गेट तक मार्ग के उन्नयन और कायाकल्प का रास्ता साफ हो गया है। इस सड़क की कुल लंबाई 56.60 किलोमीटर बताई गई है, जबकि इसके लिए 15284.91 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह सड़क चितरंगी विधानसभा के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्र बगदरा के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। उल्लेखनीय है कि खैरपुर से लेकर कैमोर पहाड़ तक पहले से सड़क पक्की डामर बनी हुई है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत और उन्नयन की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब शासन से मिली मंजूरी के बाद इस मार्ग का व्यापक कायाकल्प होगा, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क के उन्नयन से बगदरा क्षेत्र के ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। वर्षों से सड़क सुधार की मांग कर रहे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के लिए यह निर्णय राहत भरी खबर माना जा रहा है। जल्द ही तकनीकी स्वीकृति और निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है।